बिभ्राणं ध्वज मुद्ग रौ स्वनिभदे व्यङ्कं कुठारं करे॥
दक्षस्याङ्कुशकन्दलेषु डमरून् वज्रं त्रिशूलाभयान।
रुद्रस्थं शरवक्त्रं इन्दुधवलं स्वच्छन्दनाथं स्तुमः॥

ध्यान श्लोक

जिनके वाम-उल्टे हाथ में खेटक-आखेट खेलने के लिए पाश-फंदा/फाँसी, शारङ्ग/सींगी, दण्ड, वीणा, छैनी, ध्वजा मुद्गर, कुठार, व्यङ्क आयुध (अस्त्र-शस्त्र) है। दाहिने हाथ में अंकुश,

कपाल, डमरू, वज्र, त्रिशूल तथा अर्द्ध चन्द्र वक्त्र-मुख पर आधा चन्द्रमा धारण किये हुए, चन्द्रमा के समान श्वेत वर्ण वाले स्वच्छन्दनाथ को हमारा नमन हो।

'Svachhandanath Bhairava', who is adorned with club, noose, 'Sharanga' instrument, bee like a staff and a 'Vina' in his left arms. He roams like a mendicant. A shinning flag, hammer, thunder, axe, crooked missiles are adorned in his hands. In his right arm, he keeps goad, skull, 'Damru', thunder bolt and trident. He is seated in the form of 'Rudra', whose face is that of a semi-circular bow. His hue is white as the moon is. I bow to that Shiva, the Bhairava incarnation of Divinity, who is the giver of all safety with a gift of all fearlessness, to the devotees.

प्राणायामः कुर्यात्

अथ गायत्री - तत्पश्चात् भैरव-मंत्र से अथवा गायत्री मंत्र से प्राणायाम

ॐ बहुरुपाय विद्महे कोटरक्षाय धीमहि
तन्नोऽघोरः प्रचोदयात् (प्रचोदयों - त्रिवारं पठेत)

स्वच्छन्द भैरवनाथ मंत्र की गायत्री

उस बहुरूप के लिए जानने की इच्छा, कोटरक्ष के लिए बुद्धि, अघोर देवता चारों ओर उदीप्यामान हो जाएं!

प्राणायाम का तात्पर्य देवताओं के गुणों को धारणा एवं श्वास-उच्छवास द्वारा मनन करते हुए सांस का रोकना है।

I meidtate upon the Bahuroopa, for the protection of my intellect, and for saving me from all crookedness. May the aura of 'Aghora' dawn upon us for our evolvement!

(Recite the Gayatri 3 times)

मूल मंत्र

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरभ्यो घोरघोरतरेभ्यश्च सर्वतः शर्व सर्वेभ्यो नमस्ते रुद्ररूपेभ्यः। (१०८ वारं पठेत्)

ॐ अघोर, तत्पश्चात् घोर एवं घोर घोर तर, चारों और 'शर्वशृणति सर्व संहरतीति', प्रलयकाल मेंशृण-अनुग्रह करने वाला तथा सभी कुछ संहार करने वाला, सभी रुद्ररूपों को नमस्कार हो!

My obeisance be to the Aghora – very calm and serene Shiva who verily, is the more fearful, and even most dreadful. Aghora even transcends all the qualities. He is 'Sharva'-all essence and quintessential of all manifestation. He is execellence of all the Devatas, who is in the being of multi faceted Rudra, literally eleven Rudras. The Aghora Gayatri is to be read 108 times, if not possible then ten times, or one time, for each Anushthana/invocation.

(श्रीस्वच्छन्दभैरव रूपानुस्मरणम्)

(Recollecting the 'Roopa'/form of Shri Svachhanda-Bhairava)

ध्यानम् (Dhyanam)

(Mental representation of the attributes of Bahuroopa)

त्रिपञ्चनयनं देवं जटामुकुटमण्डितम्।
चन्द्रकोटिप्रतीकाशं चंद्रार्धकृतशेखरम्॥1॥

तीन-तीन नेत्र वाले पञ्चमुखी देव को, जटा रूपी मुकुट से शोभायान, कोटि-करोड़ चन्द्रमाओं की आभा से युक्त, तथा अपने शिखर चोटी पर अर्धचन्द्र को शोभायमान बनाने वाले...

'Bahuroopa Deva' is with three-fold five i.e. fifteen eyes, adorned with the long locks, which looks like the crown on his head. His aura

is that of tens of millions of the moons put together, and has the moon's crescent on his head, looking like a diadem.(1)

पञ्चवक्त्रं विशालाक्षं सर्पगोनसमण्डितम्।
वृश्चिकैर् अग्निवर्णाभहारेण तु विराजितम्॥2॥

ऐसे पञ्चवक्त्र को, विशालनेत्र वाले, सांप और गोनस गले में धारण किये हुए, बिच्छुओं से ढ़के हुए, जिनका वर्ण (रङ्ग) अग्नि के तेजस के समान रक्तवर्ण लाल आभा से युक्त हार जैसे विराजमान.....,

'Bahuroopa' is with five faces, having large eyes, adorned with the snakes and vipers. His necklace of scorpions is of the red hue, and thus the Lord is magistically seated.(2)

पाशांकुशधरं देवं वरदाभय शरहस्तं पिनाकिनम्।
कपालमालाभरणं खड्गखेटकधारिणम्॥३॥

कपाल मालाओं से सुशोभित, खड्ग–तलवार, खेटक–शिकार खेलने का आयुध, हाथ में अभय मुद्रा पाश, अंकुश सरकण्डे का बाण तथा पिनाक धारण किये हुए.....,

He is adorned with the garland of skulls, and keeps a sword a 'Khetaka'/moving weapon, a club weapon. He holds a noose, goad, arrow, 'Trishula'–trident in his hands.(3)

वरदाभयहस्तं च खड्गखट्वाङ्गधारिणम्।
वीणाडमरूहस्तं च घण्टाहस्तं त्रिशूलिनम्॥4॥

वर तथा अभय मुद्राओं सहित, तलवार एवं खाट का पाया हाथों में धारण किए हुए वीणा, डमरू, घण्टा तथा त्रिशूल धारी...,

He holds Vina, Damru in his heads. He also adorns 'bell and a trident' in his hands, 'Varda' and 'Abhaya' Mudras, sword and cott-leg in other hands.(4)

वज्रदण्डकृताटोपं परश्वायुधहस्तकम्।
मुद्गरेण विचित्रेण वर्तुलेन विराजितम्।।5।।

दण्ड, फरसा विचित्र मुद्गर, मुड़े हुए अस्त्र (वर्तुल) से विराजमान स्वच्छन्द भैरव को नमन हो। उसके हाथ में व्रज रूपी आयुध, वर्षायुक्त मेघों से आच्छादित है।

In his hands, he holds an axe, a 'Vajra', which is thunder-bolt, filled with swelling rain. He posseses hammer, which is wonderful in appearance, a bending twisted mould.(5)

सिहं चर्मपरिधानं गजचर्मोत्तरीयकम्।
अष्टादशभुजं देवं नीलकण्ठं सुतेजसम्।।6।।

उनका परिधान सिंह के चर्म का है, तथा उत्तरीय अङ्ग-रखा हाथी चर्म का है। अठारह भुजाओं से युक्त देवों के देव नीलकण्ठ तेजस् से परिपूर्ण हैं।

He adorns himself with the skin of lion, and his upper garment is of the elephant-skin. Thus he appears with eighteen arms, and his throat gives excellent radiance of being the blue-necked Shiva.(6)

उर्ध्ववक्त्रं महेशानि! स्फाटिकाभं विचिन्तयेत्।
आपीतं पूर्ववक्त्रं तु नीलोत्पलदलप्रभम्।।7।।

हे माहेश्वरी पार्वती! उस देवता के स्वरूप का चिन्तन करो, जिनका मुखकमल ऊपर की ओर ध्यानस्थ होता है, जो सर्वत्र स्फटिक जैसा श्वेत आभा का है। पूर्व की ओर मुख करके स्वच्छन्द भैरव नीलोत्पल-नीलकमल के दल के समान है। यही उस देवता की छवि है।

O Mahashvari-Parvati! You should think of him, or meditate upon him, whose face is looking always upwards; that looks like crystal

hue. His face on the eastern direction looks yellowish, and verily, is of the grand hue of 'Nilotpala', a blue lotus petal.(7)

दक्षिणं तु विजानीयाद् वामं चैव विचिन्तयेत्।
दाडिमीकुसुमप्रख्यं कुंकुमोदकसंन्निभम्॥8॥

ज्ञान-विज्ञान की प्रत्याशा करके उनकी दक्षिण भाग की ओर से ध्यान करना चाहिए। वाम भाग को और दाडिमी कुसुम-अनार के रक्तवर्ण (लाल रङ्ग) के फूलों वाले, कुंकुम तथा जल से युक्त आभा का ध्यान करना चाहिए।

He should be meditated upon for higher knowledge of 'Svachhanda Bahuroopa' in the eastern direction, and contemplated upon in the left direction. He should be understood with the likeness of the pomegranate flower. His hue is like that of the 'Kumkum'/saffron diluted in water.(8)

चन्द्रार्बुदं प्रतीकाशं पश्चिमं तु विचिन्तयेत्।
स्वच्छंदभैरवं देवं सर्वकामफलप्रदम्॥9॥

स्वच्छन्दभैरव की आभा अर्बुद-हजारों लाखों चन्द्रमाओं के समूहों जैसी है। उस देवता का पश्चिम भाग चन्द्रमा की शीतल किरणों का ही स्वरूप है। सभी कामनाओं की पूर्णता उनके इस ध्यान में है।

Svachhanda Bhairava, should be thought of having the radiance of million and billions of the moons on the left direction. He is the Deva, who grants all kinds of boons as desired for.(9)

ध्यायेतयस्तु युक्तात्मा क्षिप्रं सिद्धयृति मानवः।
या सा पूर्वं मयाऽऽख्याता अघोरा शक्तिरुत्तमा॥10॥

जो कोई भी उपासक ध्यानस्थ होकर उनके भैरव स्वरूप पर मन केन्द्रित करता है। ऐसा उपासक शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त करता है। हे देवी! जैसा कि मैंने पहले कहा है, कि अघोर भैरव

की शक्ति उत्तम है।

He who meditates upon the Bhairava with the attentive thought and focussed mind, gets perfection quickly. The energy in the 'Bhairava' is infinite in nature, as has been stated by me earlier.(10)

भैरवं पूजयित्वा तु तस्योत्सङ्गे तु तां स्मरेत्।
यादृशं भैरवं रूपं भैरव्यास्तादृगेव हि॥11॥

जिस प्रकार का रूप भैरव का हो, उसी प्रकार के रूप की उपासना भैरवी की भी करनी चाहिए। उसी के नाम रूप गुण आदि की पूजा करके उसी में तल्लीन रहना चाहिए।
नोट : तादृगमेव अथवा तादृशमेव पाठ भेद के अनुसार है।

As is the form of Bhairava, and visible to the aspirant, so is he to be adored. An indentification of the self should be maintained with the Bhairava, at the time of 'Puja' - The ritualistic adoration, endowed with such qualities, is appreciated.(11)

ईशत् करालवदनां गम्भीरविपुलस्वनाम।
प्रसन्नास्यां सदा ध्यायेद् भैरवीं विस्मितेक्षणां॥12॥

भैरवी के सुकोमल अङ्गों का ध्यान करके उनके प्रसन्नचित मुख पर ध्यान करना अभीष्ट है। उनका मुख विकराल भी है और विपुल, विस्मित भी – जिसमें सौंदर्य भी असीम है। भैरवी–सृष्टि, संरक्षण तथा संहार करने वाली देवी है।

The Bhairavi should be adored and meditated upon visualizing her benign face, with wonderful eyes. She is also with terrific but lofty looks, looking very serene, deep and profund, as the name 'Bhairavi' stands for creation, sustenance and dissolution.(12)

नौम्यहं तां परंब्रह्म महिषीं चित्स्वरूपिणीम्।
चराचर स्वरूपेण स्थितां भक्तवत्सलाम्॥13॥

मैं उस महिषी–सम्राज्ञी चिद्स्वरूपिणी परम ब्रह्म की शक्ति

को नमन करता हूं, जो अपने भक्तवात्सल्य रूप से समस्त चराचर को अपने ही भीतर समायी हुई है। चर और अचर जगत् उसी चैतन्यमयी का वास्तविक स्वरूप है, वह महामहिषी देवी है।

I bow to that Supreme Mother, the embodiment of Absolute Existence, Consciousness. She is abiding in animate and inanimate beings of Prakriti–primordial nature. She is all loving to her devotees. 'Chid-Svaroopa'–awareness of the Atman is her statis and dynamis benign nature for the devotees.(13)

ब्रह्मादि कारणातीतं परानन्दमयीं शिवाम्।
ततः परमबीजेन स्थितं परमकारणम्।।14।।

त्रिकारण–ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर आदि कारणों से अतीत् अर्थात् सभी अवस्थाओं को लांघ कर, परा रूपी आनन्द को प्रदान करने वाली देवी शिवा को नमन हो। वही शक्ति परा बीज – "ऐं क्लीं सौः" मंत्र में निवास करने वाली, कारणातीत होकर पराभट्टारिका ऐश्वर्य से युक्त है। वही आद्याशक्ति स्वरूपा है।

Bhairavi, who is adored as Shiva–the consort of 'Svachhanda Bhairava Shiva', is the Causeless, transending Brahma and other Devatas. Her nature is of Absolute bliss, who is existent in the 'Paramabija' - eternal seed. Devi Shiva is the eternal cause of all that is existent and is beyond also. Being 'Para', the Devi transcends.(14)

सुशान्तं निष्कलशुद्धतेज सर्वश्रीयम्।
भजे विश्वेकविश्वरूपात्मा विश्वसर्गादिकारणम्।
परप्रकाशं उपशमनं उमा स्वच्छन्छभैरवम्।।15।।

सुचारू रूप से शान्त, बिना किसी कला से युक्त, अर्थात् असीम, शुद्ध तथा तेजस्वी, श्रीयुक्त को मैं नमन करता हूं। विश्व

का एक मात्र स्वरूप है जिसका; वही विश्व सर्ग आदि का कारण है। सर्ग-सृष्टि रचना, प्रकृति तथा नैसर्गिक गुण के अर्थ में स्वच्छन्द का ही स्वरूप है, पर अनाश्रित प्रकाश का पुञ्ज उपशमन करने वाले उमा सहित स्वच्छन्द भैरव को नमन हो।

Bow and make obeisanace to the most serene, calm and exalted 'Uma' and 'Svachhanda Bhairava'. Both are beyond form, pure in existence, radiant and vibrant, filled with all anspiciousness. They alone are one in existence, of the form of Universal self, and the cause of all serial times. Their lustre is all illuminating, quiet and dignified. Their brilliance is beyond the perception of understanding, only that transcendental light can be realized, not otherwise.(15)

भैरव्यै नमः

सर्वकारणकलापकल्पितोल्लास संकुलसमाधिविष्टराम्।
हार्दकोकनन्दसंस्थितामपि तां प्रणौमि शिववल्लभामजाम्॥16॥

समस्त कारणों का समूह, जिसका उल्लास केवल कल्पना है तथा जो शक्ति ब्रह्मा की समाधि को विष्टर कुशा से आसीन कराने पर सुदृढ़ करती है। रक्त वर्ण के कमल पर स्वयं आसीन होकर, शिव के हृदय में वास करने वाला शिव की अर्द्धाङ्गिनी अजा-भैरवी को प्रणाम! विष्टर ब्रह्मा का सांकेति स्वरूप भी है।

Sitting in 'Samadhi', where there is all light and splendour, having the seat of Brahma established on the 'Vishtara-Kusha' grass, avoiding all the confusions and contradictions. I am prostrating before the Divine Mother, who is very dear to Lord Shiva, and is seated on the red lotuses as well. The Divine Mother being very consort of Shiva is the cause of all that exists, and that can be conceived as the brilliance and happiness.(16)

सर्वजन्तु हृदयाब्जमण्डलोद्भूत भावमधुपानलम्पटाम्।
वर्णभेदे विभवान्तरस्थितां तां प्रणौमि शिववल्लभामजाम॥17॥

सभी प्राणियों के हृदय में वास करने वाली, समस्त मण्डलों में उद्भासित हुई- अर्थात् सभी मण्डलों की रहस्यमयी शक्ति, मधुपान/मधुपर्क को भावनायुक्त चखने वाली भैरवी शिवा है। वही देवी वर्णभेद में 'विभव'-शक्ति पराक्रम एवं 'विभाव'-मन एवं शरीर की किसी विशेष स्थिति में विकसित करने की दशा में स्थित रहती है। वास्तव में वर्णभेद के कारण ही भैरवी को मातृका वर्णमाला के रूप में भी प्रणाम करता हूं।

Abiding in the hearts of all the living beings, appeared from the various Mandalas, emotionally attached to the taste of 'Madhu'– the elixir of life. In the 'Vibhava' state, which is of acquitance and clear perecption of the differentials, She controls the whole universe. I make my prostrations to the consort of Shiva.(17)

मूल स्तोत्रम्/स्तोत्रपाठः

ॐ नमः परमाकाशशायिने परमात्मने।
शिवाय परसंशान्त-निरानन्द पदायते॥

ॐ मेरा नमन उस परमात्मा को हो, जो परम शान्त, अक्षुब्ध तथा समस्त आकाश में व्याप्त, निरानन्द/अथवा गतिशील पद रूप में अभिव्यक्त है। वस्तुतः जो शिव स्वरूप है, सदैव जो (जगत् की रक्षा के हेतु) अपने पादों/पैरों पर खड़े रहते हैं। पृथ्वी तत्त्व से आकश तत्त्व में व्याप्त वह शिव वंदनीय है।

OM, my prostration to Shiva, who is the Lord of all beings, who has streched his own being, upper in the up-skies. Hie is very calm and is predominantly serene. He is like a foot-soldier, where there is no rest.(1)

अ-अव्याच्यायाप्रमेयाय प्रमात्रे विश्वहेतवे।
महासामान्यरूपाय सत्तामात्रैकपिणे।।2।।

शिव 'अवाच्य' - नादरूप प्रणव, जिसकी व्याख्या हो ही नहीं सकती, जो 'अप्रेमय' - जिसका 'रूप-वर्ण' हो ही नहीं सकता, परन्तु विश्व के हेतु से निमित्त कारण बनते हुए, महा सामान्य रूप धारण करन के लिए सत्य स्वरूप वाले शिव को अर्थात् 'अ' आदि वर्ण में स्थित रूप को....

He is neither distinctly expressed nor expressible in words by Prameya – as being the object of knowledge and reflections for having the absolute knowledge of the Divine for the understanding of cause and effect of the universe, in the most generic form, is easily adored.(2)

घ - घोषादि दशधा शब्दबीजभूताय शम्भवे।
नमः शान्तोग्रघोरादि मंत्रसन्दर्भगर्भिने।।3।।

'घोष' आदि दशविध दस विधाओं से शब्द-नाद ब्रह्म का मूलकारण अर्थात् बीज रूप में स्थित, अनाहत ध्वनि से आविर्भूत शिव को नमस्कार हो! शिव शान्त भी है और उग्र भी, तथा मंत्र ही जिनका शरीर है। मंत्रमय होने के कारण दृश्यमान जगत् में अभेद रूप से स्थित है, ऐसे 'घो - घ + उ' वर्णों से सुशोभित उस सदाशिव को नमस्कार हो! यही उसकी शाम्भवी मुद्रा है।

'घ' का अर्थ प्रहार करने वाला एवं घण्टा/चन्द्रघण्टा शक्ति को धारण करने वाले, 'उ' स्वयं से संधि युक्त अर्थात् जगत् की स्थिति पर 'घोषादि' ध्वनि से नियंत्रित करते हैं, ऐसे शिव को प्रणाम हो! यही शिव की शब्द शरीर रचना है। शिव ही शब्द है।

He is to be adored in the calm and serene cosmic form, also seen in the terrible form and present in the 'seed-sound' Mantras which


अ
ल
ख

spread in all the ten directions. He is adored as 'Ghosha' – the divine proclamation. He is the primal cause of being the Eternal seed of all the animate beings in his 'Shambhavi', state of mind. He is for granting spiritual happiness.(3)

रे- रेवती-सङ्गविस्रम्भ समाश्लेष विलासिने।
नमः समरसास्वादा परानन्दोपभोगिने।।4।।

'रेवती' शक्ति के विभ्रम रूप से, तथा प्रगाढ़ रूप से अपनी ही शक्ति का आलिङ्गन करते हुए अपने ही विलास से तन्मय होते हुए सम रस का आस्वादन करते हुए, शिव शक्ति एक रूप होने वाले आनन्द स्वरूप को नमस्कार हो! 'रे'-र+इ वर्ण-सम्भूत बीजाक्षर में 'र एवं य' वर्ण विद्यमान होने से 'रे' सम्बोधनात्मक अव्यय स्वरूप है। यही निर्विकार स्वरूप है।

Extended in line with the 'Revati' star, embracing the cosmic lofty rythms, enjoying and celebrating the pure bliss in his graceful aesthetic form. He is being adored and prostrated in the harmony of spiritual flovour.(4)

भो- भोगपाणे नमस्तुभ्यं योगीशैः पूजितात्मने।
द्वय निर्दलनोद्योग-समुल्लसितमूर्त्तये।।5।।

भैरव शक्ति रूप से भोग पाणि कहलाने वाले शिव को नमस्कार हो, जो योगीश्वरों से सदा हृदय कमल में धारण करने वाले आराध्य देव है। शक्ति एवं शक्तिमान (शिव-शक्ति) के भेद को निरस्त करने वाले हैं। अपने ही उद्योग अथवा चेष्टा से निरन्तर उल्लास में रहते है। यही शिव का स्वच्छन्द स्वरूप है।

'भ' - भ्रान्ति में भी आभास देने वाले, ऐसे बीज मंत्र से बहु चर्चित एवं पूजित 'भयः' 'ध्वनि से 'एक' में ही 'बहु' को सुशोभित करते है।

Be prostrations to you, adored by the very self of the Master Yogis! You are holding with the enjoying hands the manifestation, that you have created. Your efforts are to remove the dualism of the embodied souls with your exalted self, as you are verily, the existent form, who is very much supremely exalted.(5)

थ- थरत् प्रसरविक्षोभविसृष्टाखिलजन्तवे।
नमो मायास्वरूपाय स्थाणवे परमेष्ठिने।।6।।

संसार निर्माण की 'सृ से सृष्टि' का स्पन्दन करने वाले शिव को नमन हो, जिस ने अखिल जीव सृष्टि-चल एवं अचल जगत में एक प्रकार से विक्षोभ-द्वन्द्व का, जिस से आभास हुआ; उस स्थिति में भी मायास्वरूप, स्थाणु होकर/स्थित भाव से परमेष्ठिन-ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर का 'एक में ही बहुरूप' को धारण किया। ऐसे शिव को नमस्कार हो।

'थ' वर्ण संरक्षण एवं मांगलिक अर्थ का बीज वर्ण है। 'थ' की स्फुरण शक्ति पृथ्वी तत्त्व से शिव तत्त्व तक आरोहण की प्रक्रिया है, जिसमें बहुरूप गर्भ का समावेश है। माया तत्त्व के कारण इसमें विक्षोभ का आभास है, परन्तु 'प्रकाश से विक्षोभ का अन्त होना अनिवार्य है।

The shaking trembles and disturbances caused by diffusion, making the universe move and creating the animate worlds, being the world of Gunas, through his Maya–sporting nature. He himself remains unmoved, always being in his supreme nature of being 'Parmeshthin'– the supreme Lord standing at the highest. The three Gunas are the cause of all existence viz; 'Sattva-tamas-rajas'.(6)

घो- घोरसंसार सम्भोगदायिने स्थितिकारिणे।
कलादिक्षितिपर्यन्त पालिने विभवे नमः।।7।।

संसार के घोर सम्भाग से लिप्त होकर 'जीव' को जगत् का आभास कराने वाले 'शिव' को नमस्कार हो! स्थिति नामक परमैश्वर्य से प्रकाशमान होकर संसार के बर्हिरूप में व्यक्त होते हुए, कला आदि तत्त्वों से युक्त होते हुए भी क्षिति-प्रलय होने के समय तक उस पालनहार के लिए नमन हो! वही शिव विभु है, जो वैभव से युक्त है।

'घो' – 'घ + उ' का सान्निध्य होकर शिव 'सघोष वर्ण' है। एवं घोर रूप - संसृति रूपी महान कष्ट की प्रयोगशाला भी है। इस में कला आदि तत्त्वों के समावेश से जीवन जीने की क्षमता भी है। ऐसी महान् दया शिव की है। बीज रूप होने से रौद्र रूप भी है।

Prostration to Aghora Bhairava, who sustains the universe in his Existent state. He grants all the objects of enjoyment to the embodied souls. He takes all care in his 'Vibhava' nature, which is cause of manifestation, till the last moment of existence remains in any digital form. (Kala is in the 3 digits of 'Sat-Chit-Ananda'.(7)

र-रेहनाय महामोहध्वान्त विध्वंसहेतवे।
हृदयाम्भोजसङ्कोचभेदिने शिवभानवे।।8।।

अंधकार से मोहित होकर त्रस्त हुए, अज्ञान एवं अविद्या को विध्वंस करके जीवात्मा को प्रकाश की ओर लेने वाले भैरव को नमस्कार हो! संकोच-न्यूनीकरण अथवा सिकुडाते हुए जीवात्मा को उसी प्रकार प्रफ्फुलित करती है, जिस प्रकार जीव का हृदय शैवी-प्रकाश से विकसित होता है। अतः शिवरूपी दिवाकर को नमन हो!

रेह - प्रकाश का बीज रूप है, र वर्ण अग्नि का स्वरूप है र से 'इ' मात्रा, शिव की इच्छा शक्ति का प्रतीक है। शिव

का एक नेत्र सूर्य है। 'ह' वर्ण से शिव में सद्योजात ऊष्मा-प्रचण्डता प्रखर होती है। रेह शब्द अग्नि शिखा के लिए भी कश्मीरी भाषा में प्रयुक्त होता है।

He dispells off all the ignorance, delusion for his devotees when he roars, he takes away all the doubts; literally cuts off all the boundaries of limitations. My prostration to Shiva, who is apparant visible shining Sun, whose heart is like the lotus, which flowers with the solar rays.(8)

भो- भोगमोक्षफलप्राप्ति हेतुयोगविधायिने।
नमः परमनिर्वाणदायिने चन्द्रमौलिने।।9।।

भोग - सांसारिक भोग, परमार्थ के लिए मोक्ष, इन दोनों अभिप्रायों से युक्त फल की प्राप्ति के लिए एक संयोजक के रूप में विधान के रूप में विधाता है। परम-निर्वाण अर्थात् शिव-सायुज्य के दाता है। विश्व को सिक्त-सिंचन करने वाली 'अमा से उत्पन्न' अमृतकला रूपी चन्द्रमा को अपने सिर पर धारण करने वाले चन्द्रमौलि शिव के लिए नमस्कार हो!

'भोग-भ + उ + ग' से भ-भ्रम, तथा उ- शिव एवं विष्णु स्वरूप, ग- गतिमान होने के कारण यह बीजाक्षर संसार में भ्रम का द्योतक है। इस भ्रम को दूर करने के लिए 'मोक्ष' की प्राप्ति के लिए गति प्रदान करने वाली शैवी अवस्था परम निर्वाण का आश्रय है। यही वास्तविक योग है, जिसे सायुज्य भाव से अनुभव किया जाता है।'

My prostrations to 'Chandramauli' , who is adorned with the crescent, who is the giver of ultimate 'Nirvana', which is Absolute merger existent in his own being. He has paved the way of 'Bhoga'–enjoyment and 'Moksha'–liberation through the practices of Yoga.(9)

घो- घोषाय सर्वमंत्राणां सर्ववाङ्मयमूर्त्तये।
नमः शर्वाय सर्वाय सर्वपाशोपहारिणे।।10।।

हे शिव! सभी मंत्रों के घोष रूप से युक्त प्रकाश हो। सम्पूर्ण वाङ्मय ही तेरी मूर्त्ति है। समस्त मंत्रों द्वारा सम्बोधित हो। मंत्र के त्राण-अभिरक्षा हेतु मंत्रमहेश्वर हो। वैदिक, तथा आगम शास्त्रों में अभिहित मूर्तिमान शिव ही तुम हो। तुम्हारे शर्व रूप, अपने शर-तीरों से असुरों का संहार करने वाले तुम ही शिव हो। संसार के बंधन में डालने वाले पाश के संहारक शिव को नमस्कार हो!

घो- घोर बंधन को अपने 'श/ष' शरों से विध्वंस करने वाले, तथा भयानक ध्वनि की घोषणा करने वाले, बीजरूप शिव मंत्र महेश्वर ही तुम हो।

'Shiva' you are the embodiment of all the scriputres – both Vedic and Agamic, and the articulation of all the Mantras. Prostration be to you, who is revered as All 'Sharva', killing the Asuras with arrows, and makes us free from all the gripped nooses, for removing and wipping off our sins.(10)

र-रवणाय रवान्ताय नमस्ते रावराविणे।
नित्याय सुप्रबुद्धाय सर्वान्तरतमाय ते।।11।।

हे शिव! तुम तीक्ष्ण क्रन्दन करने वाले हो, तथा उससे व्याप्त भयानक ध्वनि का संहार करने वाले भी हो। तुम्हारे लिए नमन हो! दहाड़ने वाले ध्वनि से उत्पन्न हुए भय का नाश करने वाले भी हो। तुम नित्य सप्रबुद्ध हो, तथा अन्तःकरण में उत्पन्न हुए तमस् के नाशक हो। अतः अर्न्तयामी हो।

Prostrations to Aghoranatha, who subdues all kinds of crying and weeping, but he makes the universal sound all vibrant, in eternity. He is all intelligence, and is beyond any kind of darkness – physical, mental or of vital pranas/air.(11)

घो- घोषाय परनादान्तश्चयाय खेचरायते।
नमो वाग्पतये तुभ्यं भवाय भव भेदिने॥12॥

रवन - क्रंदन करने वाले, क्रंदन का अन्त करने वाले, अनाहत-नित्य शब्द के सृष्टा, चीखने और भैरव को हठात् दहाड़ने पर प्रेरित करने वाले को नमन हो! वही तत्त्व सुप्रबुद्ध एवं अन्तर्यामी में भी होने का कारण है, उस स्वच्छन्द भैरव का भी नमन हो!

रवन - कश्मीरी शब्द 'रिवुन' है। जो किसी भी अनहोनी अथवा अशोभनीय अवस्था का भाव प्रकट करता है। शिव-अपनी शुभ दृष्टि के कारण अशुभ से शुभ की ओर हठात् अथवा सुप्रबुद्ध करुणा से प्रेरित करता है। र-व-न (अग्नि तत्त्व, वायु तत्त्व, समतत्त्व) के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। इस बीजाक्षर में रोने तथा रूलाने वाले में भी ईश्वर तत्त्व का समावेश है। यही सकल-विमर्श-उल्लास बीज है।

घोषणा करने के योग्य, परा से सम्बंधित नाद के स्वामी! आकाश तत्त्व में विचरण करने वाले का नमन हो! जो वाणी के स्वामी वाचस्पति है- उनको नमन हो! संसार रूपी 'भव' से मुक्ति दिलाने वाले बहुरूप के लिए नमस्कार हो!

'घोष' - उज्ज्वल रूप में शब्द करने का बीज है। घ- प्रहार करने वाला, ओ- करुणा बोधक बीज हैं। शिव की प्रताड़ना में भी जीव का हित निहित है।

His roaring sound, which is transcendent in nature, vibrates in the cosmic realms. Prostration be to him, who is the supreme architect of all Mantrik vibrations and sounds. He is 'Bhava' – the creator for removing the differences in 'Jiva' and 'Shiva'.(12)

र- रमणाय रतीशाङ्गदाहिने चित्रकर्मणे।
नमः शैलसुताभर्ते विश्वकर्त्रे महात्मने॥13॥

समस्त चराचर जगत् में रमण करने वाले, रति के स्वामी

कामदेव के अङ्गों का दहन करने वाले, अनेक प्रकार के चित्रणों के कर्त्ता, दिव्य चित्रकार अर्थात् विचित्रता से युक्त-शैलसुता पार्वती के स्वामी विश्व के कर्त्ता एवं सर्वश्रेष्ठ महान् आत्मस्वरूप के विग्रह (स्वच्छन्द भैरव) के लिए नमस्कार हो!

'र बीज व तथा ण' से युक्त - प्रसन्नता का शब्द शरीर है। 'र' वर्ण अग्नि तत्त्व - तेजस रूप है, म - ममत्व, प्रसन्नता एवं कल्याण स्वरूप, ण-प्र, परि उपसर्ग होने के कारण सृष्टि-स्थिति - संहार-निग्रह-अनुग्रह से युक्त स्वभाव वाले शिव स्वच्छन्दनाथ है, जो स्वयंभू आनन्दप्रद उल्लास की कृपा करता है।

Prostration be to the consort of 'Shaila-Suta'/daughter of Himavan, who is the Creator of the universe and also the great and glorious Lord, as being Shiva. He is bright and beautiful, thus destroying the indulging 'Kamadeva', through the fire of his third eye. He is the Divine architect, be obeisance to that Aghora!(13)

त- तमः पारप्रतिष्ठाय सर्वान्तपदगाय ते।
नमः समस्त तत्त्वाध्वव्यापिने चिद्स्वरूपिणे॥14॥

अपने को प्रकाश में अवस्थित भाव में देख कर, समस्त उपाधियों को लांघ कर सभी तत्त्व-अर्थात् 36 तत्त्व, पद, मन्त्र, भुवन, कला आदि अध्व-नक्षत्रीय मार्ग में प्राप्त तथा चित्तस्वरूप-चैतन्यमयी संवित् शक्ति के लिए नमस्कार हो!

'नमः'-अपने आप में बीजमंत्र है। चैतन्यमयी शक्ति का सदैव नमन हो! 'न' वर्ण-मूलाधार गणेशजी का वर्ण है। 'म'-नियन्त्रण है। अपने आप को स्थिर भाव में रखने के लिए सदैव नतमस्तक होना इस बीजमंत्र का तात्पर्य है। (पाठ भेद से श्लोक का आरम्भ **नमः पार प्रतिष्ठाय** से आरम्भ होता है।

Prostration to Aghora, who has transcended all fixations and

settlements, and the movements thus transcend's all the darkness of the animate beings. He is of the innate nature of 'Chit Svaropa', the conscient being and extended in universe with all the 'Tattvas which is Thatness' of Shiva.(14)

रे-रेवद्वराय रूद्राय नमस्तेऽरूपरूपिणे।
परापरपरिस्पन्द मन्दिराय नमो नमः॥15॥

रेवत-रे+वत् 'र तथा य' वर्णात्मक बीजों में उत्कृष्ट, रुद्र रूप में व्यवस्थित होते हुए भी अरूप-निराकार है। 'पर' तथा 'अपर'/व्यक्त तथा अव्यक्त, गुण तथा गुणातीत में अपनी स्पन्द शक्ति से आहूत हुए, मन्दिरवासिन्-शिव के लिए नमस्कार हो! (रेवत-नीम्बू का पेड़ भी होता है। नीम्बू का पीतवर्ण ब्रह्मचर्य का प्रतीक भी है।)

'रे' - अग्नि स्वरूप, इच्छा सहित, वायु स्वरूप गतिमान - 'व' बीजमंत्र से अलङ्कृत, 'त' - वर्ण अमृत स्वरूप बीजाक्षर है।

My all prostration (eight fold) be to 7Rudra, who gives form to formless, also who is a boon to the citron lemon, which represents Sattva, Rajas and Tamas. He is immantent, transcendent, with a Universally vibrant dwelling sound termed as Primal OM, or AUM.(15)

भ - भरिताखिलविश्वाय योगिगम्याय योगिने ते नमः।
नमः सर्वेश्वरेशाय महाहंसाय शम्भवे॥16॥

ऐश्वर्य शक्ति - परमभट्टारक शक्ति से युक्त, सम्पूर्ण विश्व का भरण-पोषण करने वाले व्यक्त अवस्था में अवस्थित, योग-अष्टाङ्गयोग द्वारा ज्ञेय-अनुभव में अपने योग्य एवं महाहंस-क्षीर विवेक स्वरूप चैतन्य से उल्लसित शाम्भवी अवस्था वाले शिव को नमन हो।

'भ' - वर्ण, बीज रूप से भैरव के 'भ' - धारण करने वाले, वहन करना ही है स्वभाव जिसका; तथा जिसमें पुष्टि तत्त्व की प्रधानता है, उसी स्वच्छदनाथ भैरव के स्वरूप को नमस्कार हो।

Prostration to the Supreme Creator of all the Devatas, who is of the nature of highly occult sound 'Hamsa', possesing the nature of 'Shambhu/Shiva', who is all benign and who graces with eternal peace. It is he, who just upholds this universe, which can only be understood by the Yogis, when they are one in the very breath and tune of Yoga.(16)

च-चर्च्याय चर्चनीयाय चर्चकाय चराय ते।
रवीन्दुसंधिसंस्थाय, महाचक्रेश ते नमः॥17॥

चर्चा के योग्य - ध्यानपूर्वक अध्ययन तथा अनुशीलन एवं विचारणीय आवृति-स्वर पाठ युक्त, चेतन स्वभाव वाले, सभी प्राणियों में विचरण करने वाले स्वच्छन्दनाथ भैरव को नमन हो! सूर्य तथा चन्द्रमा की संधि में स्थित, चक्रराजचक्र स्वयंभू चक्रेश्वर/शिव शक्ति स्वरूप के महा भैरव रूपी अधिनायक तथा अधिपति शिव को नमस्कार हो!

'च'-वर्ण, चन्द्रमौलि शिव का विशेषण, बीज रूप में है। इसी बीज से उत्पन्न चक्रेश्वर, जिसकी चर्चा स्पन्द रूप से व्यवस्थित तथा अभिहित है। मातृका पूजन में इसका पूरा विवरण है।

O Maha Chakreshvara! My prostrations be to you! You are the concurrent (Sandi-Sansthan) Bindu of the Sun and Moon, abiding in the Shri Chakra, as the nucles of all the Chakras. You are yourself the 'Mantra' – the recitation of which is smearing the body with holy ashes, for being discussed by the Agamic Rishis. Thus you roam in Yogis.(17)

स- सर्वानुस्यूतरूपाय सर्वाछादकशक्तये।
सर्वभक्षाय शर्वाय नमस्ते सर्ववेदिने॥18॥

अर्न्तव्याप्त - सर्वत्र सभी अवस्थाओं में, नियमित तथा निर्बाध रूप से बंधा हुआ, ऐसे रूप वाले को नमन हो। सर्वत्र अपने संवित् से चहुँ दिशाओं को आच्छादित करने में सर्वशक्तिमान,

सभी को अपने में सहंरण (भक्षण) - विलय करने पर उद्यत, सर्वज्ञ तथा सर्वेश्वर को नमन हो! वस्तुतः भैरव प्राण रूप में स्थित है।

सर्व - बीज रूप से आदि बीज है। 'स' वर्ण शिव है। यही संयुक्त बीज है, जो व्यक्त स्वरूप में विद्यमान है। सर्व ही सम्पूर्ण तथा अशेष है। सर्व ही सदा पूर्णमदः पूर्णमिदं है।

My prostrations be to all knower Shiva, the 'Sharva'–who consumes all, but who is the all embracing power of the time Sheaths of 'Prana-apana' etc. You are of the form of inter-locket of micro and macroself. You are of the nature of volition, which is self-will.(18)

र- रम्याय वल्लभाक्रान्त देहार्धाय वियोगिने।
नमः प्रपन्नदुष्प्राप सौभाग्य फलदायिने॥19॥

अत्यन्त रमणीय, पार्वती के अर्द्ध शरीर – अर्धनारीश्वर स्वरूप, विनोद स्वभाव वाले, भक्तों को कठिनाई से योग द्वारा प्राप्त होने वाले, सौभाग्य रूपी फल देने वाले स्वच्छन्द भैरव को नमन हो! सौभाग्य से तात्पर्य मोक्ष के दाता, अथवा अपने में विलय करने वाले का है। उसी स्वच्छन्द भैरव के लिए नमस्कार हो।

'रम्य' - 'र' बीज - ज्योति, अग्नि, इच्छा शक्ति है। र से 'रम्य' में रमणीयता, जो आनन्दप्रद, प्रकृति तत्त्व से सम्बंधित है, इसी बीज का सम्बंध पृथ्वी, अग्नि तथा पारस्परिक रूचि से है। रम्य सुहावना सुखद एवं प्रकाश का प्रतीक है।

Prostrations be to the 'Aghoranatha', who gets easily pleased and is the giver of all auspiciousness, as the result of the actions, which are wonderful in spirit. Though he himself is possessed with the

separation of his half portion of body, who is 'Sati-the Divine Mother', yet he extends his all grace to the devotees.(19)

त- तन्महेशाय तत्त्वार्थवेदिने भवभेदिने।
महाभैरवनाथाय भक्तिगम्याय ते नमः।।20।।

उस महेश्वर को, जो तत्त्वार्थ के वेत्ता है, अर्थात् विद्या एवं अविद्या की वास्तविकता के ज्ञाता है, संसार रूपी 'भव' में भेद, अभेद, भेदाभेद के ज्ञाता हैं, उस स्वच्छन्दनाथ को नमस्कार हो! उस महा भैरवनाथ को केवल भक्ति विलास से ही जाना जाता है।

'त' बीज - तन्मयता है, जिससे अमृत तत्व का ज्ञान प्राप्त होता है। 'तत्'-तत् स्वरूप, तद्रूप का सारांश है। 'तत्' निर्गुण-निराकार ब्रह्मन् है, परन्तु व्यक्त रूप में महेश्वर है।

Prostrations be to that Maheshwara, who is the Lord of all 'Tattvas', Absolute thatness, which is manifest and beyond, and the knower of all existence, that is the 'Bhava' aspect of Shiva. He is the Maha Bhairavanartha, who dwells in the very being of his Bhaktas, known to be the acclaimed devotees.(20)

श- शक्तिगर्भप्रबोधाय शरण्यायाशरीरिणे।
शान्तिपुष्ट्यादि साध्यार्थ साधकाय नमोस्तुते।।21।।

शक्ति का वास्तविक बीज 'बहुरूपगर्भ' है। यही प्रकाश और विमर्श रूपिणी कुण्डलिनी शक्ति है। अव्यक्त रूप से अशरीरी अर्थात् सूक्ष्मतम अवस्था में प्रकाश को समाये हुए दिव्य शक्ति है, उस रूप को नमन हो! शान्ति, पुष्टि आदि कर्मों की सिद्धि प्राप्ति के हेतु साधकों के लिए भी नमन हो! (यही शिवाद्वैत का भाव है, जहां साधना, साधक, साध्य की तन्मयता होती है।

'श-शक्ति' बीजाक्षर उष्णता, उत्कण्ठा, उत्सुकता प्रदान करने वाला वर्ण है। श विनाशकर्ता भी है, तथा आनन्ददाता शिव है। ऊर्जा प्रदान करनेवाली शक्ति अन्ततः शान्ति प्रदान करने वाला बीज है।

Prostrations be to him, who awakens the 'Kundalini Shakti' the energetic and live womb of all eternity, which is latent in the body, and provides refuge to the Bhaktas. He grants peace, thriving life and nourishment for doing Sadhana–ansterities to the Sadhakas/spiritual practitioners.(21)

र-रवत्कुण्डलिनीगर्भ प्रबोधप्राप्तशक्तये।
उत्स्फोटनापटुप्रौढ़ परमाक्षर मूर्त्तये॥22॥

जिनके गर्भ-सारभूत हृदय कमल में रवन कुण्डलिनी शक्ति समाहित है; तथा उसी गर्भ-शिवरहस्य के अन्तः प्रबोध से शक्ति परिपूर्णता से, एवं स्फोट, सफार के कारण विश्व रचना में निष्णात् (प्रौढ़/परम) अक्षर रूप से विश्वमय है। उसी 'शिवाकार स्वच्छन्द भैरव' के मूर्त्त रूप को नमस्कार हो।

'रवत्' बीजाक्षर - हूहू शब्द, जिससे कुण्डलिनी जागरण की शक्ति उद्भासित होती है, उसी स्फार के स्फुरण से जीवात्मा के भीतर ही शिव का महत्तम स्वरूप बहुरूप गर्भ में आत्मसात हो जाता है।

For arousing the 'Kundalini', which is dormant, in a Shdhaka, He graces the forceful energy to make Kundalini to be awakened for Shiva-consciouness. It thus creates a universal throb while bursting in 'OM' sound, intelligently accurate as being the body of syllables, rendered as the Akshar-Murti Shiva, which is Absolute in nature.(22)

स-समस्त व्यस्त संग्रस्त रश्मिजालोदरात्मने।
नमस्तुभयं महामीन रूपिणे विश्वगर्भिणे॥23॥

सम्पूर्णता में व्यस्त संसार रूपी रश्मि जाल की संयुक्ति को आत्मानुभव कराने वाले 'रमयति'-रवन, वैष्णव स्वरूप को नमन हो। जल रूपी विश्व को अपने भीतर समाने वाले विष्णु महामीन रूपी परमेश्वर, तुझे प्रणाम हो! अतः विष्णु-मत्स्यावतार ही शिव स्वरूप है। यही हरि और हर का अभिन्न एक ही रूप है।

समस्त-शब्द का 'स' बीज सम्यक्, संधि एकात्म भाव की शक्ति है। समस्त ब्रह्माण्ड में व्याप्त स्थिति में चराचार का भाव विशेष अवस्था का योग है। ऐसा आचार्य अभिनव गुप्त ने भैरव स्तोत्र में कहा है।

Prostrations be to you, who is the source of all universal womb! You are of the form of fine 'Mudras' of 'Kaula tradition'. You are so much engrossed in the web of rays, which is the very self of universal hub, which is always in motion, and busy in the phenomenal destroying through dissolving, what is apparent and conceivable.(23)

रे-रेवारणिसमुद्भूत वह्नि ज्वालावभासिने।
घनीभूत विकल्पात्म विश्वबंध विलापिने॥24॥

'रेवा' शक्ति रूपी अरणि से पैदा हुयी अग्नि की लपटों में प्रकाशमान, घनीभूत - ठोस, विकल्प रूप संसार के बंधन से छुड़ाने वाले के लिए स्वतन्त्र भाव में 'सद्योजात' भैरव का नमन हो! क्योंकि यही घनीभूत होकर कई विकल्पों में समाहित होकर बंधन का कारण बन जाती है।

रेवा-बीजाक्षर में र+इ, वह्नि तथा दहन स्वभाव योगाग्नि से चित्त की वृत्तियों का निरोध करने के लिए आवश्यक है।

Born out of the 'Homa' fire, and encircled in the fire, then you have made 'Rati' – female aspect of desire, saddened after 'Kama' - the male principle of desire and passion, was burnt to ashes, as 'Kama/ lustfulness of senses binds the worldly beings. You evolve the devotees to be in Yogic form, which is inherent in all creation through various 'Vikalpas'-options.(24)

भ-भोगिनीस्यन्दनारूढि प्रौढिमालब्धगर्विणे।
नमस्ते सर्वभक्ष्याय परमामृतलाभिने॥25॥

भोगिनी-कुण्डलिनी शक्ति के रथ पर आरूढ़ होकर अर्थात् कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत किए हुए, प्रौढ़ता से पूर्ण विश्व

में माया रूपी बन्धन को नष्ट करने वाले को नमस्कार हो! वही स्वच्छन्द भैरव सभी का भक्षण - आत्मसात् करने वाले अमृत तत्त्व प्रदान करने वाले हैं।

भोगिनी बीज कुण्डलिनी शक्ति है। यह बीज मूलाधार से आरोहण करके सहस्रार तक पहुंचते हुए त्रिवलयात्मक रूप में व्यवस्थित है। 'भ'- भैरव की भरण रूप में निहित स्वच्छन्द शक्ति है।

You ride on the 'Bhogini' chariot, and is full of excellence. You are adorned with the moon, on your head. You consume everything, whatever exists, as you are the Divinity, as being the embodiment of transcendental immortality.(25)

न-नफकोटिसमावेश भरिताखिलसुष्टये।
नमः शक्तिशरीराय कोटिद्वितेयसङ्ज्ञिने।।26।।

'नृप्फ कोटि' - 'न' आदि से 'फ' अन्त तक, 'न' वर्ण रूप से 'फ' वर्ण रूप में समावेश करके सकल सृष्टि की रचना करने वाले, स्वच्छन्द भैरव शक्तियुक्त हैं। बहुरूपगर्भ भैरव का शरीर शक्ति स्वरूप है। अर्धनारीश्वर रूप से एक दूसरे से पूरक हैं। कोटि शब्द-पूर्णतः हैं, जिसमें सभी कुछ समा सकता है।

न फ (न+फ) - 'न' बीज समरूप समरसता है, 'प्र' पवर्ग का आदि व्यञ्जन है 'फ' बीज विस्तार, कृत्य सम्पन्न करने का वर्ण है। यह बीज कोटि – पराकाष्ठा, उच्चतम बिन्दु, श्रीचक्रमध्य बिन्दु, विमर्श रूप है। अतः 'नफ-कोटि' शिव-शक्ति का पारस्परिक एक भाव, एक प्रारूप एवं श्रीचक्र में विराजमान त्रिवलयाकार है। 'नफ बीज' योग द्वारा अन्तस्थ में जानने की प्रक्रिया है।

You are the very existence of all manifestation, from the syllables of 'na' to 'pha', which is termed as 'Malini'. This is full cylic order of the universe in its fullness. Syllable 'Na' stands for wealth and prosperity. 'Pha' stands for gliding, moving. Slowly 'Koti' is an expression of

endless continutiy. Prostration be to the enbodiment of Shakti! You are complimentary to each other as being Shiva and Shakti in one Being.(26)

म-महामोह मलाक्रान्त जीववर्गविभोधिने।
महेश्वराय जगतां नमोऽकारण बन्धवे।।27।।

महामोहात्मक मल से आक्रान्त (मलिन) होकर, जीवात्मा (मानक शरीर) को ज्ञानबोध-आत्मबोध के द्वारा प्रबुद्ध बनाने वाले के लिए नमन हो! प्राणियों के 'अकारण' – कारण रहित (स्वेच्छा स्वरूप बन्धु) होने पर महेश्वर को नमस्कार हो! अकारण (स्वतः स्फुर्ति) समस्त प्राणियों के कल्याणकर्त्ता हो!

'म+हा' बीज, 'आत्मभव' एवं विभव है। शिव का ममत्व भाव ही उसका महान स्वरूप है, जिसमें ऊष्णता भी है। ममत्व से मोह, जीवात्मा में उत्पन्न होता है; परन्तु महेश्वर का ममत्व बीज और शिव का एकरूप है। इस बीज के द्वारा अन्तस्थ में स्थित होकर जीव शिव को चक्रस्वरूप में देखता है। वही भवचक्र है।

Your very being is for evolving the embodied souls, through the Divine grace that you bestow upon them, by removing the various sheaths of ignorance and delusion. Prostrations to 'Maheshwara'/the supeme Lord of the universe. He is the 'Bandhu'– a binding force of all beings, which is a causeless emanicipation of the Lord.(27)

स-स्तेनोन्मूलन दक्षैक स्मृतये विश्वमूर्तये।
नमस्तेऽस्तु महादेव नाम्ने परस्वधात्मने।।28।।

विघ्नरूपी चोरों को उन्मूलन-नष्ट करने वाले, उस विश्वमूर्ति के लिए नमन हो, जो 'परा' अवस्था में 'स्वधा' का ही आत्मस्वरूप

है। वही विश्वाकार महादेव अपने स्वातन्त्र स्वरूप से हमारे विघ्नों को दूर करे!

'स्तेन' - 'चुर धातु' से किसी के द्रव्य के 'स्तेन' अर्थात चोरी करना है। इस का बीज स्तेन, वशीभूत एवं मोह से ग्रसित है। उस मोह को नाश करने का उपकार करने का श्रेय महादेव की कृपा दृष्टि है।

Only by remembering your name, you destory all the obstacles and hindrances, caused by the impediments of malicious forces through your grace. Be our prostrations to Mahadeva who is the 'Vishvamurti'; Mahadeva who is 'Svadha–a Vital self force', a very epithet of that name. Be our prostrations to that Vishvamurti-the 'Macro-Self', who is of the nature of material universe!(28)

र-रूग्द्राविणे महावीर्य रूरूवंशविनाशिने।
रुद्राय द्राविताशेषबन्धनाय नमो नमः।।29।।

शरीर की व्याधि और मन की आधि से द्रवित एवं मलिनता पूर्ण जीवात्मा का निदान करने वाले, महान पराक्रमी, रू रू-चीत्कार चेतावनी से युक्त, विकल्पों के दंशों का निवारण करने वाले रुद्र को नमन हो! वही रुद्र अशेष बन्धनों का नष्ट करने वाले स्वच्छन्द भगवान् रुद्र हैं। अतः 'स्वधा' शब्द से भी सम्बोधित हैं।

र - बीज, उ मात्रा से युक्त महादेव की रूद्र रूपी रौद्र ध्वनि है। यह बीज आत्म शुद्धि के लिए एकाग्र भाव धारण करने के लिए कहा गया है। इसी रुद्र की महिमा रौद्री में विद्यमान है। रुद्र मंत्र शिव का यजुर्वेदीय शब्द शरीर है।

You are the remover of all the diseases, and the destroyer of the different families of diseases. You are the 'Devata' of all prowess. You wash off all the sins, that bind the embodied soul, though the



transmigration of birth and death. So repeated prostrations be to you, who is Rudra, the oneness of all the Devatas like Agni, Indra, Mitra, Varuna etc. in form.(29)

द्र-द्रवत्पररसास्वाद चर्वणोद्यतशक्तये।
नमस्त्रिदशपूज्याय सर्वकारणहेतवे।।30।।

द्रवित - टपकने वाले परम रस - पराशक्ति से द्रवीभूत अमृत के आस्वादन में सदा उद्यत करने वाले शक्ति सम्पन्न वाले त्रिदश/तीस कोटि देवताओं से सम्पूजित, अथवा द्रव्यों से पूजित, समस्त कारणों के तत्त्वसार देव को नमन हो! चर्वणोद्यत - स्वाद लेना एवं आचमन करना एवं अपने भीतर ही अपने संकल्प विकल्पों को आत्मसात करना है, यही उसकी शक्ति है। यही सभी कारणों का हेतु है।

द्रव - बीज, जड़ से चेतन होने की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया कुण्डलिनी शक्ति के जागरण से सम्बंधित है। यही अमृतकला भी है, जिसका सम्बंध माया तत्त्व से शक्ति तत्त्व की ओर जाने का अवरोहण है।

You are the nectraine of immortality, when you grace the devotee with your tender nature, through the Shakti of excellence revered as 'Charvanodyata', which relishes the elixir of immortality through purity. You are the primal cause of all the causes, and worshipped by the multitude of Devatas. Thrity crores in number, or worshipped by thirty 'upacharas'/conducts of Agamic worship.(30)

र-रूपातीत नमस्तुभ्यं नमस्ते बहुरूपिणे।
त्र्यम्बकाय त्रिधामान्तश्चारिणे चित्रचक्षुषे।।31।।

हे रूपातीत! नमस्कार हो तुम्हारा, बहुरूप भी है तथा कोई भी रूप रूप नहीं है जिसका, उसको नमन हो! ऐसे रुद्र भैरव तुम हो, त्र्यम्बक-तीन नेत्रों वाले स्वच्छन्दनाथ! इच्छा, क्रिया, ज्ञान

शक्तियों से आवृत्त होकर भी 'भूः भुवः स्वः' के सम्पूर्ण ईश्वर को नमस्कार हो! तुम्हारे नेत्र विचित्ररूप धारण किये हैं।

रूप - र अग्नि बीज से ऊ मात्रा सहित (शिव), पंच वायु में स्थित ध्यान का केन्द्र बिन्दु है।

Prostrations be to you, who is beyond form and with multitude of forms! You are revered as 'Tryambaka' – Rudra with three eyes. Your movements are visible in the Sun, Moon and Fire, resembling your wonderful three eyes. You abode is Triple world of 'Bhu, Bhuvah and Svah.'(31)

प- पेशलोपाय-लभ्याय भक्तिभाजां महात्मनाम्।
दुर्लभाय मलाक्रान्त चेतसां तु नमो नमः॥32॥

सहज संवित्/लावण्य युक्त भक्तों के लिए सहज रूप से प्राप्य देवता को नमस्कार हो, जो महात्माओं के हठ योग को सुगम्य भक्ति में परिवर्तित करते हैं। घोर मलों-(नित्य नैमित्तिक) दोषों से ग्रसित चित्त वाले मनुष्यों के लिए स्वच्छन्दनाथ भैरव दुर्लभ है।

पेश - रम्य आकार, आकृति का अण्ड बीज है। वही बहुरूपगर्भ है। संवित् स्वरूप ही भैरव - स्वच्छन्दनाथ बहुरूपगर्भ का रहस्य है।

For the sprirtual evolvement of the devotees, possessing the true nature of a 'Mahatman', you make their union/merger with you easier. But it is impossible for those, whose consciousness is enveloped with all evil. My postration be to you, always and ever! Your eternal seed is the essence of the Bahuroopa—multifaceted one.(32)

भ- भवद्राय दुष्टाणां भवाय भवभेदिने।
भव्यानां त्वन्मयानां तु सर्वदाय नमो नमः॥33॥

दुष्टों को संसार के बंधनों से कष्ट भोगने के लिए सृष्टि

का निर्माण करने वाले, भव्य महात्माओं को भवबंधन के पाश से छुड़ाने वाले, भव्य-ब्रह्ममार्ग (वैदिक-आगमिक मार्गों) पर चलने वालों को ब्रह्मज्ञान देने वाले बहुरूप भगवान को नमस्कार हो! ब्रह्मज्ञान के द्वारा संवित् का पूर्ण आभास एक भक्त को प्राप्त हो सकता है। यही भैरव की भीषण शक्ति है।

भव-बीज, सृष्टि बीज है, यही शिव है, जो जीव को भव्यता प्रदान करता है, तथा सर्जन की आध्यात्मिक दिव्यता का कारण हेतु भी दैदीप्यमान होता है।

You charge the evil doers within the net of worldly bonds and webs, of repeated births and deaths. The embodied souls, always in devotion and having pure consciousness are granted the highest realm of Moksha/final liberation. Prostrations be to you, O Bhava, as Rudra Devata!

Bhagavana Bahurupa, you bestow upon them all peace and auspiciousness, as they have identified their 'Atman' with your Eternal being! Their state of mind is 'Tanmaya'—absorbed in that/Bahurupa-garbha.(33)

अ- अणूनां मुक्तये घोर घोर संसारदायिने।
घोरातिघोरमूढानां तिरस्कर्त्रे नमो नमः।।34।।

अणु/बद्ध - जीवात्माओं को बंधन से मुक्त कराने वाले, घोरतम संसार में बद्ध जीवों को घोर, घोरतर एवं घोरतम अर्थात् रजस् से तमस् भावों की प्रकृति से पाश युक्त आत्माओं के स्वभाव के निहंता सद्योजात स्वच्छन्द भैरव बहुरूप गर्भ को नमस्कार हो!

अणु के आणविक आकार- सूक्ष्मातिसूक्ष्म बीज त्रिगुणात्मक गुणों से युक्त हैं। अणु में ही महान् प्रत्यभिज्ञा शक्ति रहस्यात्मक रूप में वास करती है। स्वच्छन्द भैरव की कृपा से अणु/नर/जीवात्मा

के आणवीय मल/दोषों का क्षय होता है। वही अणु जीव, शिव से साक्षात्कार होकर शिवमय अवस्था को प्राप्त करता है।

Be our repeated prostrations to you, who has created the worlds of horrifying nature, only for making the bonded souls free after experiencing the fruits/results of their actions! You remove all the shackles of ignorance from the bewildered and ignorant souls, making them undergo the cycle of all the transmigration of soul, which is repeated experience of births and deaths, till their souls get purified.(34)

इति

Thus concluded the Bahuroopagarbha Stotram.

फलश्रुतः

इत्येवं स्तोत्रराजेशं महाभैरवभाषितम्।
योगिनीनां परं सारं न दद्याद्यस्य कस्यचित्॥1॥

फलश्रुति

यह 'स्तोत्र-राजराजेश्वर' महाभैरव के द्वारा वर्णित है। योगियों के लिए स्तोत्र परम एवं परात्परसार रूप है। अन्यत्र किसी को भी यह स्तोत्र नहीं देने योग्य है।

This Master Stotram has been narrated by the 'Maha-Bhairava'. This is the quintessence, pure and concentrated in laudation and should not be revealed to any such person ....,(1)

अदीक्षिते शठे क्रूरे निःसते शुचिवर्जिते।
नास्तिके च खले मूर्खे प्रमत्ते विप्लुतौजसे॥2॥

शठ/ठग, क्रूर, पवित्रता से शून्य, नास्तिक, दुष्ट, मूर्ख, प्रमाद युक्त, तेजस् हीन व्यक्ति को यह स्तोत्र कभी भी नहीं देना चाहिए। जिसकी दीक्षा भी नहीं हुई हो, ऐसे व्यक्त को भी नहीं, जो विवेक शून्य हो, इस स्तोत्र से अपरिचित रखना चाहिए।

.... who is not initiated into the Shaivistic path. He should not be a crafty, cruel, liar, impure, atheist, mischievous, foolish, careless with intoxication and devoid of vigour ....., (2)

गुरूशास्त्रसदाचार दूषके कलहप्रिये।
निन्दके चुम्भके क्षुद्रेऽसमयज्ञे च दाम्भिके॥3॥

गुरू, शास्त्र, सदाचार में दोष निकालने वाले, कलह को चाहने वाले, निन्दा करने में रत, क्षुद्र, कामासक्त, असमयज्ञ-समयाचार से अपरिचित तथा आत्माश्लाघनीय-धार्मिक पाखण्डी को कभी भी यह स्तोत्र नहीं देना चाहिए।

.....who is vitiating his Guru, speeaking ill of the Scriptures, and corrupt in word and deed, this Stotra should not be given to that person. Also who likes to be involved in strife and quarrel. Those who are with blaming nature, lustful, narrow minded, not vigilant to and aspirant of the 'Samaya' system of Shaivism and being hypocritical/ deceitful.(3)

Note: 'Samaya' system of Shaivism holds Bhakti-devotion with ecstatic mood, in high esteem. It is the core of the 'Pooja' with devotion, which is Bhakti in practice to the Svachchanda Bhairava.

दाक्षिण्य रहिते धर्महीने च गर्विते।
भक्तियुक्ते पदातव्यं न देयं परदीक्षिते॥4॥

नम्रता, शिष्टता से रहित, दक्षिणा रूपी सामंजस्य से रहित, अधर्मी, गर्व से ग्रसित तथा दूसरी विधियों - क्रमों मे दीक्षित व्यक्ति को यह स्तोत्र नहीं देना चाहिए; अपितु: भक्ति भाव से युक्त पुरुष को ही इस स्तोत्र से दीक्षित करना चाहिए।

This Stotram should not be given to those, who are against 'Dharma' and are proud. Also not given to those, who are devoid of politeness and initiated into other paths. The knowledge should only be parted to the sincere devotees of Shiva.(4)

पशूनां सन्निधौ देवि! नोच्चार्य सर्वथा क्वचित्।
अस्य वै स्मृतिमात्रेण विघ्नानश्यन्त्यनेकशः॥५॥

हे देवी भट्टारिके। उस व्यक्ति को भी दीक्षित नहीं करना चाहिए, जिसका व्यवहार पशुओं के सदृश हो। इस स्तोत्र का उच्चारण ऐसे व्यक्ति के लिए निषेध है। इस स्तोत्र के केवल स्मृतिमात्र से ही, अनेकों अनेक विघ्नों का नाश होता है।

O Devi! This Stotram should never be recited before those, who behave like animals, and are in proximity with the animal nature of existence. Only through the rememberance of this Stotram, the obstacles of various forms/natures get destroyed instantaneously.....,(5)

गुह्यका यातुधानाश्च वेताला राक्षसादयः।
डाकिन्यश्च पिशाचाश्च क्रूरसत्त्वाश्च पूतनाः॥6॥

कुबेर के अनुचर गुह्यक, यातुधान-पिशाच, वेताल-शव पर अधिकार रखने वाले भूत, राक्षस आदि, डाकिनी-पैशाची शक्ति, क्रूर स्वभाव वाले, सात्त्विक-पशुओं को भय देने वाले, पूतना-वक्षस्थल में विष धारण करने वाली पूतनी को भी यह मंत्र नहीं देना चाहिए।

Guhyaka – attendants of Kubera; Yatudhana – evil spirits; Vetatala – goblins, Rakshasas etc., Dakini – women spirit with red and white eyes, having conceit in them, Pishacha – a diabolic spirit, cruel ghosts, wicked beings, Putana – women spirits with venom in their breats. (These evil forces get vanished).(6)

नश्यन्ति सर्वे पठितस्तोत्रस्यास्य प्रभावतः।
खेचरी भूचरी चैव डाकिनी शाकिनी तथा॥7॥

इस स्तोत्र के पाठ करने मात्र से ही, उन सभी का तामसिक प्रभाव नष्ट होता है। खेचरी - आकाश गामिनी आसुरी शक्तियां भूचरी-भूचल में भ्रमण करने वाली तामसिक शक्तियां,

डाकिनी–त्रस्तदायक शक्तियां एवं शाकिनी–हरित वर्ण वाली पिशाचनी आदि .....

All these evil spirits get destroyed with the strong effect of this Stotram. All Khechari' – moving spirits in the sky, 'Bhuchari' – spirits on the earth, 'Dakini' with Nine forms being all terific in nature, and 'Shakini' – fairy looking demon of green hue get immediately vanished through this potent Stotra.(7)

ये चान्ये बहुधा भूता दृष्टसत्त्वाभयानकाः।
व्याधिदौर्भिक्षदौर्भाग्य मारीमोह विषादयः॥8॥

भूत, दुष्ट, पशुओं को सताने वाले, भयानक व्याध शिकारी, दुर्भिक्ष एवं अकाल, दुर्भाग्य, महामारी, मोह, विषाद ....

Moreover, multitude of the 'Bhutas'—wicked persons, ferrocious animals keep away themselves, on listening to this Stotra. Critical ailments, drought, evil omens/misfortune, epidemic, delusion and effect of poison never stand before the power of this Stotram.(8)

गजव्याघ्राश्च ये घोरा पलायन्ते दिशोदश।
सर्वेदुष्टाः प्रणश्यन्ति चेत्याज्ञा पारमेश्वरी॥9॥

हाथी, व्याघ्र तथा हिंसक पशु दूर-दूर दिशाओं में भाग जाते हैं। परम् भट्टारिका परमेश्वरी की आज्ञा से सभी दुष्टों को संहार होता है।

Elephants, tigers and wild beasts move to ten different directions, when the Sadhaka recites this Stotram. By the authority of 'Parmeshvari', all the evil doers are destroyed, vanquished.(9)

इति श्रीबहुरूपगर्भस्तोत्रं सम्पूर्णम्,
इति श्री बहुरूपगर्भ स्तोत्र समाप्त।

Thus Shri Bahurupa garbha Stotram is concluded.

सर्वत्र इति शुभम्

May it be beneficient every where!



पॉवर प्रिन्टर्स द्वारा मुद्रित, 23272445, 9717411800

ANAND
DHAM